FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

पुलिस मुठभेड़ दिनाँक 10-06-2026 थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद ।

अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा व पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के कुशल पर्यवेक्षण में थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा 15,000 के इनामिया अंतर्राज्यीय चोर आदिल उर्फ कादिर को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया ।

- **अभियुक्त के विरुद्ध चोरी, लूट, डकैती, मारपीट, जानलेवा हमला एवं अवैध असलहा सम्बन्धी गम्भीर धाराओं में विभिन्न जनपदों से सम्बन्धित करीब 1.5 दर्जन अभियोग हैं पंजीकृत ।**
- **अभियुक्त के कब्जे से चोरी के लाखों रुपये मूल्य के स्वर्ण आभूषण, 01 तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस, 02 जिंदा कारतूस एवं चोरी की घटना में प्रयुक्त एक छोटा हाथी वाहन (बिना नंबर) बरामद ।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपद में चोरी की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित/इनामिया अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना दक्षिण पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना दक्षिण पर पंजीकृत मु0अ0सं0-395/2026 धारा 305/317(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त आदिल उर्फ कादिर पुत्र मजहर अली अपने 01 साथी के साथ थाना दक्षिण क्षेत्रान्तर्गत लालऊ में चोरी के माल को बेचने के उद्देश्य से आज आया हुआ है । सूचना पर थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा लालऊ से बिहारीपुर को जाने वाले रोड के पास चैकिंग की जा रही थी । चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को 02 संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिये । उक्त संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया गया तो संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम को नजदीक आता हुए देख तथा खुद को घिरता हुआ देखकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया । थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में 01 संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया । घायल व्यक्ति की पहचान थाना दक्षिण पर पंजीकृत मु0अ0सं0-395/2026 धारा 305/317(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त आदिल उर्फ कादिर के रुप में हुई है । अभियुक्त का साथी मुस्ताक अली पुत्र बाबू अली निवासी गोपी कॉलोनी, थाना करहल जनपद मैनपुरी अंधेरे एवं भौगोलिक परिस्थितियों का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं । घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती करवाया गया है ।
अभियुक्त आदिल उर्फ कादिर के कब्जे से चोरी किए गए स्वर्ण आभूषण बरामद हुए, जिनमें 01 सोने का हार, 01 मोटी गिन्नी वाली सोने की जंजीर, 02 सोने की अंगूठियां तथा 02 सोने के टॉप्स, 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त एक छोटा हाथी वाहन (बिना नंबर) भी बरामद किया गया है । अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

नाम-पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-

1. आदिल उर्फ कादिर पुत्र मजहर अली निवासी शाही मस्जिद के पास, मोहल्ला कटरा पठानान, थाना दक्षिण, जनपद फिरोजाबाद।

मौके से भागा हुआ अभियुक्त

1. मुस्ताक अली पुत्र बाबू अली निवासी गोपी कालौनी थाना करहल जनपद मैनपुरी।

बरामदगी का विवरण-

1. 01 मोटी गिन्नी वाली सोने की जंजीर
2. 02 सोने की अंगूठियां
3. 02 सोने के टॉप्स
4. 01 अवैध तमंचा 315 बोर
5. 02 खोखा कारतूस 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर
6. चोरी की घटना में प्रयुक्त एक छोटा हाथी वाहन (बिना नंबर)।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1-मु0अ0स0-395/2026 धारा 305/317(2) बीएनएस थाना दक्षिण फिरोजाबाद।
2-मु0अ0स0- 607/2026 धारा 109 (पु0मु0) /352 बीएनएस व 3/25/27 A Act थाना दक्षिण फिरोजाबाद।
3-मु0अ0स0- 43/2022 धारा 380/411/413/457 भा0द0वि0 थाना न्यू आगरा।
4-मु0अ0स0- 68/2022 धारा 380/411/413/457 भा0द0वि0 थाना न्यू आगरा।
5-मु0अ0स0-102/2022 धारा 3/25 ए एक्ट थाना न्यू आगरा।
6-मु0अ0स0-82/2023 धारा 457/380/411 भा0द0वि0 थाना शाहगंज आगरा।
7-मु0अ0स0-168/2023 धारा 457/380/411/413 भा0द0वि0 थाना शाहगंज आगरा।
8-मु0अ0स0- 529/2024 धारा 305(a)/317(2)/311(4) BNS थाना सिकन्दरा आगरा
9-मु0अ0स0- 702/2024 धारा 305(a)/317(2)/311(4) BNS थाना सिकन्दरा आगरा।
10-मु0अ0स0- 97/2024 धारा 457/380 भा0द0वि0 थाना दक्षिण फिरोजाबाद।
11-मु0अ0स0-163/2021 धारा 457/380/411 भा0द0वि0 थाना रसूलपुर फिरोजाबाद।
12-मु0अ0स0-92/2024 धारा 457/380/411 भा0द0वि0 थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।
13-मु0अ0स0-131/2024 धारा 307 भा0द0वि0 थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।
14-मु0अ0स0-14/2026 धारा 303(2)/317(2) बी0एन0एस0 क्रासिंग रिपब्लिक गाजियाबाद।
15-मु0अ0स0- 318/2021 धारा 380/411 भा0द0वि0 चंदौसी सम्भल।
16-मु0अ0स0-82/2022 धारा 392/411 थाना न्यू आगरा जनपद आगरा

गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 योगेन्द्र पाल सिंह थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।

2. निरीक्षक श्री मुकेश कुमार प्रभारी सर्विलास मय टीम जनपद फिरोजाबाद।
3. व0उ0नि0 धर्मेन्द्र सिह थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 अर्जुन राठी चौकी प्रभारी नालबन्द थाना दक्षिण फिरोजाबाद
5. उ0नि0 श्री सोनू भाटी थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
6. का0 257 धंनजय सिह थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
7. का0 601 जीतेश कुमार थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
8. का0 504 गजेन्द्र सिह थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
9. का0 1562 जितेन्द्रपाल सेन थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
10. का0 287 अनुज कुमार थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।
11. का0 50 अभिनव कुमार थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।